2023/62

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री विजयसिंह पुत्र श्री गुमानसिंह निवासी राजपूत कॉलोनी आबकारी रोड, आबूरोड जिला सिरोही।		सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 04 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.03.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को दिनांक 19.11.2022, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि मौजा ग्राम भुजेला पटवार हल्का भारजा तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही के आवंटितशुदा भूमि खसरा नम्बर 146 रकबा 2.10 बीघा भूमि की वर्तमान जमाबन्दी एवं सेटलमेन्ट से पूर्व की जमाबन्दी की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को दिनांक 19.11.2022, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि मौजा ग्राम भुजेला पटवार हल्का भारजा तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही के आवंटितशुदा भूमि खसरा नम्बर 146 रकबा 2.10 बीघा भूमि की वर्तमान जमाबन्दी एवं सेटलमेन्ट से पूर्व की जमाबन्दी की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। Bello (डॉ. भँवर लाल) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2024.01.06 15:18:00 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner